मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-154
28/05/2019

1 अणे मार्ग में दावत–ए–इफ्तार का आयोजन, बड़ी संख्या में रोजेदारों ने की शिरकत

पटना, 28 मई 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 1 अण्णे मार्ग स्थित नेक संवाद में पवित्र रमजान के अवसर पर रोजेदारों को दावत–ए–इफ्तार पर आमंत्रित किया। दावत–ए–इफ्तार में महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन, उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी सहित बड़ी संख्या में मंत्रिपरिषद के सदस्यगण, रोजेदारों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। इस अवसर पर इफ्तार के पूर्व हजरत सैयद शाह शमीम मोनमी ने रमजान एवं रोजे की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला और सामूहिक दुआ की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सहित आमंत्रित अतिथियों ने दुआओं में शामिल होकर राज्य की तरक्की, प्रगति, आपसी भाईचारे एवं मोहब्बत के लिए खुदा–ए–ताला से दुआयें कीं।

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बारी–बारी से तमाम आगत अतिथियों एवं रोजेदारों का स्वागत किया।

इस अवसर पर बिहार विधान सभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, सभापति बिहार विधान परिषद श्री हारून रसीद, पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, संसदीय कार्य मंत्री श्री श्रवण कुमार, शिक्षा मंत्री श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा, श्रम संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा सहित राज्य मंत्रिपरिषद के सदस्यगण, सांसद श्री आर0सी0पी0 सिंह, सांसद श्रीमती कहकशां परवीन, अन्य विधायकगण, विधान पार्षदगण, राज्य के वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में रोजेदार उपस्थित थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत के क्रम में कहा कि आज दावत–ए–इफ्तार का आयोजन किया गया, जिसमें सभी लोग शामिल हुए, मैं उन सबका शुक्रिया अदा करता हूँ। उन्होंने कहा कि एक महीने तक रोजेदार उपवास करते हैं, यह अपने आप में एक खास बात है। रोजेदारों के लिए हम दुआ करते हैं कि उनकी इच्छा की पूर्ति हो। बिहार और देश तरक्की करे, हम सबकी सेवा कर सकें, यही दुआ करते हैं। आपस में प्रेम, सौहार्द्र, सद्भाव, भाईचारे एवं प्रेम का माहौल बना रहे, इसकी शुभकामनायें देता हूँ।

******